INTERVAL

Individual Tuition Concept

# केटेगरी 3

Team INTERVAL

# FoundAtion Course

# HINDI

Level - Advance




www.teaminterval

## 1.नीचे दिए गए वाक्यों में कर्ता को पहचानकर लिखिए:

1. राम सुबह जल्दी स्कूल जाता है।
2. बारिश होने के कारण पेड़ भीग गए।
3. शिक्षक बच्चों को नई कहानी सुना रहे हैं।
4. चिड़िया पेड़ की डाल पर बैठी है।
5. मेरी बहन आज स्वादिष्ट खाना बना रही है।
6. किसान खेत में फसल की देखभाल करता है।
7. सूरज धीरे-धीरे बादलों के पीछे छिप गया।
8. कुत्ता जोर-जोर से भौंक रहा है।
9. डॉक्टर मरीज को दवा दे रहा है।
10. छात्र परीक्षा की तैयारी कर रहे हैं।

Team INTERVAL Foundation Course

## 2. नीचे दिए गए विकल्पों में से सही कर्ता चुनकर वाक्य पूरा कीजिए:

(विकल्प: मैं, हम, पवन, रीना, बच्चे, शिक्षक, गाय, बस, सूरज, हवा)

1.______ रोज़ सुबह योगा  करता है।

2.______ मैदान में फुटबॉल खेल रहे हैं।

3.______ धीमे-धीमे चल रही है।

4.______ हमारी कक्षा में पढ़ाते हैं।

5.______ बहुत तेज़ चमक रहा है।

6.______ धीरे-धीरे बह रही है।

7.______ दूध देती है।

8.______ पढ़ाई के बाद खेलती है।

9.______ जल्दी उठकर तैयार होता है।

10.______ पार्क में टहलते हैं।

Team INTERVAL Foundation Course

## 3.नीचे दिए गए वाक्यों में कर्म को पहचानकर लिखिए:

1. रीना ने मीना को किताब दी।
2. बच्चा खेल में गेंद फेंक रहा है।
3. शिक्षक ने छात्र को होमवर्क समझाया।
4. मैंने बगीचे में एक सुंदर फूल देखा।
5. किसान खेत में फसल बो रहा है।
6. मोहन अपनी बहन के लिए उपहार लाया।
7. चिड़िया अपने बच्चों के लिए खाना ढूँढ रही है।
8. डॉक्टर ने मरीज को दवाई दी।
9. लड़के ने पेड़ पर पतंग अटका दी।
10. मां ने बच्चे के लिए खिचड़ी बनाई।

Team INTERVAL Foundation Course

## 4. नीचे दिए गए विकल्पों में से सही कर्म चुनकर वाक्य पूरा कीजिए:

(विकल्प: किताब, पानी, गेंद, खाना, फूल, दवा, मदद, कहानी, उपहार, खिचड़ी)

1. मीरा ने मुझे ______ दी।
2. बच्चा पार्क में ______ खेल रहा है।
3. मां ने मुझे गरम ______ दिया।
4. शिक्षक ने हमें एक मजेदार ______ सुनाई।
5. डॉक्टर ने मरीज को ______ दी।
6. मैंने बगीचे से एक सुंदर ______ तोड़ा।
7. दोस्त ने मुझे मुश्किल समय में ______ की।
8. मोहन अपनी बहन के लिए ______ लाया।
9. पक्षी अपने बच्चों के लिए ______ खोज रहा है।
10. दादी ने मेरे लिए स्वादिष्ट ______ बनाई।

## 5.नीचे दिए गए वाक्यों में क्रिया को पहचानकर लिखिए:

1. रीना रोज़ सुबह योगा करती है।
2. मोहन स्कूल तक तेज़ी से दौड़ता है।
3. बच्चे मैदान में खेल रहे हैं।
4. शिक्षक पाठ समझा रहे हैं।
5. हवा पेड़ों की टहनियों को हिला रही है।
6. पक्षी आसमान में ऊँचा उड़ रहा है।
7. मां रसोई में खाना बना रही है।
8. मैं अपना होमवर्क कर रहा हूँ।
9. सूरज धीरे-धीरे उग रहा है।
10. कुत्ता दरवाज़े पर भौंक रहा है।

Team INTERVAL Foundation Course

## 6. गलत क्रिया को सही क्रिया से बदलकर वाक्य पुनर्लिखिए।

1. मोहन कल स्कूल खेलता है।
2. रीना दूध लिखती है।
3. बच्चे पेड़ पर पढ़ रहे हैं।
4. दादी मेरे लिए खाना सुनाती हैं।
5. कुत्ता सड़क पर देख रहा है।
6. मैं सुबह सात बजे पानी बोलता हूँ।
7. शिक्षक हमें गीत सिखा रहे हैं।
8. हवा पेड़ की शाखाएँ पी रही है।
9. मां बाजार से सब्ज़ी दौड़ती है।
10. सूरज आसमान में खेल रहा है।

Foundation Course

# 7. वाक्यों का काल पहचानिए।

1. मैं रोज़ सुबह साइकिल चलाता हूँ।
2. रीना कल अपने गांव गई थी।
3. बच्चे अभी स्कूल जा रहे हैं।
4. कल हम पिकनिक पर जाएंगे।
5. दादी ने मुझे एक कहानी सुनाई है।
6. किसान खेत में काम कर रहा था।
7. सूर्य पूर्व दिशा से निकलता है।
8. उसने अपना काम पूरा कर लिया है।
9. अगले महीने मेरी छुट्टियाँ होंगी।
10. छात्र परीक्षा की तैयारी कर रहे थे।

Foundation Course

## 8. कोष्ठक में दिए क्रिया को सही काल में बदलकर वाक्य पूरा कीजिए।

1. मैं कल स्कूल ______। (जाना)
2. रीमा अभी खाना ______ है। (खाना)
3. पापा अगले सप्ताह दिल्ली ______। (जाना)
4. बच्चे पार्क में ______ रहे थे। (खेलना)
5. मैं अपना काम ______ चुका हूँ। (पूरा करना)
6. बारिश होने पर मैं घर पर ही ______। (रहना)
7. तुमने मेरा संदेश ______ है क्या? (पढ़ना)
8. सूरज थोड़ी देर में ______ जाएगा। (डूबना)
9. मां सुबह से रसोई में ______ रही है। (काम करना)
10. हम हर रविवार मंदिर ______ हैं। (जाना)

Team INTERVAL Foundation Course

# 9. वाक्यों को दिए गए काल में बदलकर लिखिए।

1. मैं रोज़ जल्दी उठता हूँ। → सामान्य वर्तमानकाल
2. रीना थोड़ी देर में स्कूल जाने वाली है। → आसन्न भूतकाल
3. बच्चे पार्क में खेल चुके थे। → पूर्ण भूतकाल
4. हवा तेज़ चल रही थी। → अपूर्ण भूतकाल
5. हम हर रविवार पुस्तकालय जाते हैं। → सामान्य वर्तमानकाल
6. मां बाज़ार जाने वाली है। → सामान्य भविष्यत्काल
7. मोहन अपना प्रोजेक्ट पूरा कर चुका है। → सामान्य वर्तमानकाल
8. बारिश धीरे-धीरे हो रही थी। → अपूर्ण भूतकाल
9. शिक्षक कक्षा में पढ़ा रहे हैं। → संधिगत वर्तमानकाल
10. सूरज थोड़ी देर में निकलने वाला है। → सामान्य भविष्यत्काल

Foundation

# 10. पत्र लेखन ।

विद्यालय में आयोजित वृक्षारोपन समारोह का वर्णन करते हुए मित्र को पत्र लिखिए।

# 11. अनुच्छेद लेखन ।

निम्नलिखित संकेतों के आधार पर 'मेरे क्षेत्र का मेला' विषय पर लगभग 120 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए :–

भारत मेलों का देश —— मेलों का महत्त्व —— मेला जो मैंने देखा —— मेले का दृश्य —— प्रिय क्यों —— मेले की याद।

# 12. अनुच्छेद लेखन ।

निम्नलिखित संकेतों के आधार पर 'टेलीविज़न' विषय पर लगभग 120 शब्दों का अनुच्छेद लिखिए :–

टेलीविज़न की लोकप्रियता के कारण ———— दिखाए जाने वाले कार्यक्रम ———— लाभ ———— हानियाँ।

## 13. प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।



# बुद्धिमान बीरबल

**अपठित गद्यांश पढ़कर नीचे लिखे प्रश्नों को हल करें।**

एक दिन, एक अमीर व्यापारी बीरबल के पास आया। उन्होंने बीरबल से कहा, मेरे घर में सात नौकर हैं। उनमें से एक ने मेरा कीमती सामान चुरा लिया है। इसलिए बीरबल उस अमीर आदमी के घर गए और सभी सात नौकरों को एक कमरे में बुलाया। उसने सभी को एक-एक छड़ी दी और कहा कि ये सभी जादू की छड़ियाँ है इनकी लम्बाई भी समान है,इन्हें अपने साथ रखो और कल साथ लेते आना। पर ध्यान रहे जिसने भी चोरी की होगी उसकी छड़ी रात भर में एक इंच बड़ी हो जाएगी। जिस नौकर ने कीमती सामान चुराया था वो डर गया। उसने सोचा "अगर मैंने अपनी छड़ी से एक इंच का टुकड़ा काट लिया तो मैं पकड़ा नहीं जाऊंगा। " इसलिए उसने छड़ी को एक इंच काट दिया। अगले दिन बीरबल ने नौकरों से लाठी एकत्रित की। उसने पाया कि एक नौकर की छड़ी एक इंच कम थी। इस तरह चोर पकड़ा गया।

- बुद्धिमान व्यक्ति कौन था ?

------------------------------------------------------------

- अमीर आदमी के घर कितने नौकर थे ?

------------------------------------------------------------

- चोर कैसे पकड़ा गया?

------------------------------------------------------------

## 14. प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।

### सच्चाई की जीत

एक गाँव में राहुल नाम का एक लड़का रहता था। वह बहुत ईमानदार और सच्चा था। एक दिन उसे रास्ते में एक बटुआ मिला जिसमें बहुत सारे पैसे थे। उसने बटुए को उठाया और पास की पुलिस चौकी में जाकर दे दिया। पुलिस ने बटुए के मालिक को ढूंढा और उसका सामान लौटा दिया। बटुए के मालिक ने राहुल को इनाम देने की कोशिश की, पर राहुल ने विनम्रता से मना कर दिया। गाँव में सबने उसकी ईमानदारी की सराहना की।

**नैतिक शिक्षा: ईमानदारी सबसे बड़ा गुण है।**

**प्रश्न-उत्तर:**

1.राहुल को क्या मिला था?

______________________________

______________________________

2.राहुल ने बटुए का क्या किया?

______________________________

______________________________

3.बटुए के मालिक ने राहुल को क्या दिया?

______________________________

______________________________

4.कहानी से क्या सीख मिलती है?

______________________________

______________________________

## 15. प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।

# रविवार की सीख

रविवार का दिन था। मिश्रा परिवार ने तय किया कि वे आज घर की सफ़ाई मिलकर करेंगे। पिता अनिल जी ने कहा, "हर किसी को थोड़ा-थोड़ा काम करना होगा।" माँ ने रसोई की ज़िम्मेदारी ली, बेटा रोहन ने बगीचा संभाला और बेटी नेहा ने किताबें व्यवस्थित कीं।
काम करते हुए रोहन ने कहा, "मैं थक गया हूँ!" पापा ने हँसते हुए कहा, "अगर हम सब मिलकर काम करेंगे तो जल्दी निपट जाएगा।"
थोड़ी देर में घर चमकने लगा। बाद में सबने मिलकर खाना खाया और एक साथ फिल्म देखी।
नेहा ने मुस्कराकर कहा, "आज बहुत मज़ा आया, क्योंकि हमने सब मिलकर काम किया।" अनिल जी बोले, "यही तो परिवार की ताक़त है — मिलजुल कर रहना।"

प्रश्न:

1. मिश्रा परिवार ने रविवार को क्या काम किया?

उत्तर: ____________________________________________

2.रोहन ने कौन-सा काम किया?

उत्तर: ____________________________________________

3.नेहा ने सफ़ाई के बाद क्या कहा?

उत्तर: ____________________________________________

4.इस कहानी से क्या सीख मिलती है?

उत्तर: ____________________________________________

# 16. प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।

## "हरियाला जंगल"

जंगल में फैली हरियाली,
लगती है जैसे हो दीवाली।
पेड़ों पर लटके आम-इमली,
तितली उड़ती फूलों वाली।
धरती पहने हरित शाली।

नीला आकाश, सूरज प्यारा,
हर कोना जैसे हो सारा तारा।
झीलों में तैरें हंस सुनहरे,
बच्चों को वन लगता प्यारा।
प्रकृति दिखाए रूप न्यारा।

प्रश्नोत्तर:

1.जंगल में कौन-कौन से फल हैं?

उत्तर: ____________________________________

2. हंस कहाँ तैरते हैं?

उत्तर: ____________________________________

3. बच्चों को जंगल कैसा लगता है?

उत्तर: ____________________________________

# 17. प्रश्नों का उत्तर लिखिए ।

## "मेरा छोटा घर"

**कविता**

मेरा छोटा घर, प्यारा-सा घर,

खिड़की से झाँके, सूरज का असर।

पंछी चहकते, बाहर बगीचे में है झूला,

मम्मी-पापा संग, खुशी का लगा है मेला।

**प्रश्न - उत्तर**

प्रश्न १. कविता में घर को कैसा बताया गया है?

उत्तर - ________________________________________________

प्रश्न २. खिड़की से क्या झाँकता है?

उत्तर - ________________________________________________

प्रश्न ३. बाहर क्या है?

उत्तर - ________________________________________________

प्रश्न ४. कविता में खुशी का क्या लगा है?

उत्तर - ________________________________________________